प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मासिक कार्यक्रम **मन की बात** में अपने विचार साझा करेंगें

- सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पहाड़ियों की परिभाषा में हाल ही में हुए बदलाव से उत्पन्न चिंताओं पर स्वतः संज्ञान लिया–कल इस मामले में सुनवाई होगीं
- आरपीएससी ने ई–मित्र संचालकों से अभ्यर्थियों की मूल शैक्षणिक योग्यता की जांच के बाद ही भर्ती परीक्षाओं के फॉर्म भरने को कहां

- प्रदेश में सर्द हवाओं ने गलन का एहसास बढाया–कोहरे से भी जनजीवन प्रभावितं

.......................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी है और इस वर्ष का आखिरी अंक होगां ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगां कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों से किया जाएगां आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण होगां प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मन की बात कार्यकम को सामुहिक रूप से सुनने के लिए तैयारियां की गई हैं कोटपूतली–बहरोड़ में विधानसभा स्तर पर विशेष बूथ बनाये गये है, जहां आमजन प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात कार्यकम को सुनेंगें

.......................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगें उन्होंने कल भी इस बैठक की अध्यक्षता की थीं एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सम्मेलन के दौरान उन्होंने शासन और सुधारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा कीं
तीन दिन का यह सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ थां सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं पर निरंतर वार्ता के जरिए केंद्र– राज्य भागीदारी को मजबूत करना हैं यह सम्मेलन सहयोगपूर्ण संघवाद की प्रधानमंत्री की दृष्टि के अनुरूप हैं

.......................................................................

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि **विकसित भारत जी राम जी योजना** के माध्यम से गांवों के विकास पर ध्यान दिया जायेगां इसके तहत ग्राम पंचायतें मिलकर अपनी विकास योजनाएं तैयार करेगीं श्री चौहान कल भोपाल में मीडिया से बातचीत कर रहे थें उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार में मनरेगा भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया थां यूपीए सरकार ने मनरेगा में केवल 2 लाख 13 हजार करोड रूपये खर्च किये थे जबकि मोदी सरकार ने 8 लाख 53 हजार करोड़ रूपये से अधिक खर्च किये हैं

.......................................................................

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक अध्याय के रूप में जाना जाएगां इस साल ने नीतियों को प्रगति में बदलते और इरादों को साकार होते देखा हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प की ओर बढ रहा हैं इस साल किये गये बदलावों पर विशेष श्रृंखला **''सुधारों का वर्ष''** में आज पेश है बिल्डिंग न्यू इंडिया पर समाचार कक्ष से डॉ. सालेहा गाज़ी की रिपोर्ट

.......................................................................

सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पहाड़ियों की परिभाषा में हाल ही में हुए बदलाव से उत्पन्न चिंताओं का स्वतः संज्ञान लिया हैं मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की अवकाशकालीन पीठ कल इस मामले पर सुनवाई करेगीं
सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप अरावली पहाड़ियों की पुनर्परिभाषा को लेकर हुए जनविरोध के बाद आया हैं यह विवाद दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में स्थित अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं

की परिभाषा में लंबे समय से चली आ रही विसंगतियों से उपजा है, जिसके कारण पहले नियामकीय खामियां पैदा हुईं और अवैध खनन को बढ़ावा मिलां इस बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्पष्ट किया है कि अरावली पर्वतमाला राजस्थान की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है और इसके स्वरूप के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं होने दी जाएगीं मुख्यमंत्री ने वन, पर्यावरण खान और पुलिस की संयुक्त टीमें बनाकर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अरावली के संरक्षण को लेकर प्रतिबद्ध हैं

.....................................................................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने संसदीय क्षेत्र कोटा बूंदी प्रवास पर हैं उन्होंने कल कोटा में वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कीं इसके साथ ही श्री बिरला अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल हुएं मीडिया से बातचीत में श्री बिरला ने कहा कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और आवागमन सुविधाओं के लिए कार्य योजना बनाकर काम किया जायेगां

.....................................................................

राज्य लोकसेवा आयोग ने बिना जांच के अभ्यर्थियों का फॉर्म भरने वाले ई मित्र संचालकों की लापरवाही पर कडा रूख अपनाया हैं आयोग ने साफ कहा है कि ऐसे ई–मित्र संचालकों पर कार्रवाई की जायेगीं आयोग ने इस संबंध मे सूचना एवं प्रौद्योगिकी और संचार विभाग को पत्र लिखा हैं आयोग के अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने कहा है कि ई–मित्र संचालकों को अभ्यर्थियों की मूल शैक्षणिक योग्यता की जांच करनी चाहिएं इस काम में लापरवाही के कारण कई भर्तियों में लाखों की संख्या में ऐसे आवेदन मिलते है जो उस पद के लिए वांछित शैक्षणिक योग्यता नहीं रखते हैं इससे श्रम और समय की बर्बादी होती हैं आयोग ने सभी जिला कलेक्टरों से भी आग्रह किया है वे अपने जिले के ई–मित्र संचालकों की निगरानी करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें

.....................................................................

पहाडी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी और उत्तरी हवाओं के असर से प्रदेश में सर्दी की रंगत बढ गई हैं चूरू, जालोर, करौली, सवाईमाधोपुर सहित कई जगह सर्द हवाओं से गलन का एहसास हो रहा हैं वहीं कोहरे से भी जनजीवन प्रभावित हैं कम दृश्यता के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात भी प्रभावित हो रहा हैं हालांकि ये ठंड फसलों के लिए फायदेमंद मानी जा रही हैं नागौर में सर्द हवाओं से ठिठुरन बरकरार हैं

.....................................................................

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में सात शहरों में पारा पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआं वहीं आज अलवर, झुंझनूं, सीकर, चूरू और डीडवाना कुचामन में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया हैं कई स्थानों पर बादल छाये रहने और मध्यम से घने कोहरे के भी आसार हैं

.....................................................................